## खबर संक्षेप



### स्टोइनिस को धोनी की तरह फिनिशर बनाना चाहता है आस्ट्रेलिया

**साउथम्पटन।** आस्ट्रेलिया के उपकप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि टीम में वापसी करने वाले हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस को लंबे समय तक मौका दिया जा सकता है ताकि वह भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तरह एक फिनिशर के रूप में निखर सकें। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में स्टोइनिस 18 गेंद में नाबाद 23 रन ही बना सके और उनकी टीम दो रन से हार गई। स्टोइनिस ने बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स के लिए 705 रन बनाए थे। कमिंस ने कहा, 'हमने इस बारे में बात की है। ये घरेलू स्पर्धाओं के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। किसी भी क्रिकेट टीम में मध्यक्रम सबसे कठिन है।

### अर्जेंटीना के छह रग्बी खिलाड़ी कोविड-19 पॉजिटिव

**वेलिंगटन।** अर्जेंटीना राष्ट्रीय रग्बी टीम के छह सदस्यों को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया है। अर्जेंटीना रग्बी संघ ने बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार खिलाड़ियों को हालांकि कोई लक्षण नहीं हैं और उन्हें पृथकवास में रखा गया है। बयान के मुताबिक, 'संक्रमण को कम करने और स्वास्थ्य 'बबल' बनाने के लिये किये गये परीक्षण में छह पॉजिटिव मामले सामने आए।' इससे इस सत्र में होने वाली चार देशों की रग्बी चैमपियनशिप पर संशय के बादल छा गये हैं जिसमें अर्जेंटीना के अलावा आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

### गोल्फर त्वेसा संयुक्त रूप से छठे स्थान पर



**फ्लमसरबर्ग।** भारतीय महिला गोल्फर त्वेसा मलिक ने शुरू में डबल बोगी से उबरते हुए लगातार दूसरा 69 का कार्ड खेला जिससे फ्लमसरबर्ग ओपन में संयुक्त रूप से छठे स्थान पर चल रही हैं। वह इस समय छह अंडर के कुल स्कोर पर हैं जिससे वह देश के बाहर पहला पेशेवर खिताब हासिल करने की दौड़ में हैं। उन्होंने दूसरे से चौथे होल में बर्डी की हैट्रिक की जिससे वह बीती रात शीर्ष पर चल रही स्टिना रेसन से तीन शाट पीछे हैं जिनका 36 होल में कुल स्कोर नौ अंडर है।

### हैदराबाद ने चिंग्लेनसाना सिंह से करार किया

**हैदराबाद।** हैदराबाद एफसी ने शनिवार को कहा कि उन्होंने 23 साल के डिफेंडर कोनशाम चिंग्लेनसाना सिंह से इंडियन प्रीमियर लीग (आईएसएल) के अगले दो सत्र के लिये करार किया है। यह मणिपुरी डिफेंडर इससे पहले तीन साल तक एफसी गोवा से जुड़ा था और अब उन्होंने हैदराबाद क्लब से दो साल का अनुबंध किया जो 2021-22 सत्र के साथ खत्म होगा। उन्होंने कहा, 'क्लब नई टीम बना रहा है। मैं इस टीम का हिस्सा होना चाहता था।' वह इस सत्र में हैदराबाद एफसी से जुड़ने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं, उससे पहले सुब्रत पॉल और हलीचरण नारजरी ने भी क्लब से करार किया।

### कोच से बातचीत के बाद दूर हुई निराशा

**मेलबर्न।** राष्ट्रीय टीम के लिए एक साल से ज्यादा समय से नजरअंदाज किये जाने से 'गुस्से और निराशा' का सामना कर रहे ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा की कोच जस्टिन लैंगर से बातचीत के बाद निराशा दूर हुई और वह अब वापसी पर ध्यान दे रहे हैं। पिछले साल इस 33 साल के बल्लेबाज ने एकदिवसीय में 49.31 की औसत से 1,085 रन बनाए थे लेकिन 2019 की शुरुआत में भारत और दक्षिण अफ्रीका के दौरों के लिए ऑस्ट्रेलिया की 50 ओवर की टीम में उन्हें जगह नहीं मिली।



## यूएस ओपन : जोकोविच ने स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-1 से दी शिकस्त

# जोकोविच ने अपने अंतिम 29 मैच जीते और इस सत्र में उनका स्कोर 26-0, ओसाका चौथे दौर में

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच ने सीधे सेटों में जीत से जबकि महिला वर्ग में नाओमी ओसाका ने युवा खिलाड़ी की चुनौती से उबरते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने जर्मनी के 28वें वरीय जान-लेनार्ड स्ट्रफ को एक घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-3, 6-1 से शिकस्त दी।

■ स्ट्रफ केवल चार ब्रेक प्वाइंट हासिल कर सके

स्ट्रफ केवल चार ब्रेक प्वाइंट हासिल कर सके और इन्हें भी अंक में तब्दील नहीं कर पाए। जोकोविच ने अपने अंतिम 29 मैच जीते हैं और इस सत्र में उनका स्कोर 26-0 है। अब वह रविवार को 20वीं वरीयता प्राप्त पाब्लो कारेनो बुस्टा से भिड़ेंगे। जोकोविच न्यूयार्क में चौथा और कुल 18वां ग्रैंडस्लैम खिताब हासिल करने की कोशिश में जुटे हैं। उनसे ज्यादा केवल रोजर फेडरर (20) और राफेल नडाल (19) ने ही ग्रैंडस्लैम ट्राफियां हासिल की हैं।

### पुरुष वर्ग में ज्वेरेव, गोफिन शापोवालोव चौथे दौर में पहुंचे

*पुरुष वर्ग में एलेक्सजेंडर ज्वेरेव, डेविड गोफिन, डेनिस शापोवालोव, जोर्डन थाम्पसन और एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। वहीं स्टेफानोस सिटसिपास को बोर्ना कोरिच से हार का सामना करना पड़ा। कोरिच का यह लगातार दूसरा पांच सेट तक चला मैच था और उन्हें इसे जीतने में चार से ज्यादा घंटे लगे। उन्होंने 6-7, 6-4, 4-6, 7-5, 7-6 से जीत हासिल की। ज्वेरेव ने एड्रियन मानारिनो पर चार सेट में जीत दर्ज की और उनका मैच योजना के अनुसार ढाई से ज्यादा घंटे के समय के बाद शुरू हुआ क्योंकि मानारिनो की भागीदारी पर फैसला लेने में समय लग गया।*



### कर्बर ने लि को 6-3, 6-4 से हराया



*वहीं एक अन्य अमेरिकी ओपन चैंपियन एंजेलिक कर्बर भी चौथे दौर में पहुंचने में सफल रहीं, उन्होंने 20 साल की अमेरिकी एन लि को 6-3, 6-4 से मात दी और अब उनका सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी जेनिफर ब्राडी से होगा। 28वीं वरीय ब्राडी ने कैरोलिन गार्सिया पर 6-3, 6-3 से जीत हासिल की जिन्होंने शीर्ष वरीय कैरोलिन प्लिस्कोवा को हराकर उलटफेर किया था। 14वीं वरीय कोंटावेट ने 24 नंबर की खिलाड़ी मैग्डा लिनेट को मात दी। दिन के अंतिम महिला मैच में दो बार की विम्बलडन चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा ने 63वीं रैंकिंग की अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला को 6-4, 6-3 से हराया और अब उनका सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी शेल्बी रोजर्स से होगा।*

### बोपन्ना-शापोवालोव की आसान जीत



*भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके कनाडाई जोड़ीदार डेनिस शापोवालोव ने यहां सीधे सेट में जीत से अमेरिकी ओपन पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और शापोवालोव को टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में अर्नेस्टो एस्कोबेडो और नोआ रूबिन की अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। उन्होंने शुक्रवार को एक घंटे और 22 मिनट तक चले मैच में 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। अब भारतीय-कनाडाई जोड़ी का सामना छठी वरीयता प्राप्त केविन क्रावेट्ज और आंद्रियास मिएस की जोड़ी से होगा। टूर्नामेंट में अब बोपन्ना अकेले भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। सुमित नागल और दिविज शरण की चुनौती खत्म हो चुकी है। सुमित नागल दूसरे दौर में जबकि शरण पहले दौर में बाहर हो गए।*

### ओसाका की जीत में दिखी झुंझलाहट



*दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन ओसाका को तीसरे दौर के मैच में 18 साल की मार्टा कोस्तयुक ने चुनौती पेश की जो अपना दूसरा ही मेजर टूर्नामेंट खेल रही है। ओसाका ने फ्लशिंग मिडोज में अंतिम पांच गेम अपने नाम करते हुए कोस्तयुक को 6-3, 6-7, 6-2 से शिकस्त दी। दूसरा सेट गंवाने के बाद ओसाका खुद पर नाराजगी दिखा रही थीं और उनका यह गुस्सा रैकेट पर दिखायी दिया। ओसाका ने कोर्ट पर मैच के बाद कहा, 'जब मैं खेल रही थी तो मैं खुद को कोस रही थी। आप नहीं जानना चाहेंगे कि मैं क्या कह रही थी।' रैकेट पर गुस्सा दिखाने के बाद चेंजओवर में वह अपने सिर पर सफेद तौलिया रखकर बैठी। उन्होंने कहा, 'जब मैं बहुत गुस्से में और हताश होती हैं तो ऐसा करती हूं।' कोरोना वायरस महामारी के कारण पांच महीने बाद टेनिस बहाल होने के बाद उनका जीत का रिकार्ड 7-0 रहा है।*

## इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दो रन से हराया

एजेंसी ▶▶| साउथम्पटन

इंग्लैंड ने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को दो रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली। आखिरी गेंद तक चले इस रोमांचक मुकाबले में शुक्रवार को जीत के लिए 163 रन का पीछा कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी। कोरोना वायरस के कारण खेल गतिविधियां रूकने के बाद ऑस्ट्रेलिया का यह छह महीने में पहला मैच था। इससे पहले टीम ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला खेली थी। कप्तान आरोन फिंच (46) और डेविड वार्नर (58) ने पहले विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई। टीम एक समय 14 ओवर में एक विकेट पर 124 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसी स्कोर पर पूर्व कप्तान



स्टीव स्मिथ (18) और चार गेंद बाद ग्लेन मैक्सवेल (एक) के आउट होने के बाद पारी लड़खड़ा गई। टीम ने 14 गेंद में नौ रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए। आखिरी दो ओवरों में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 19 और फिर टॉम कुरेन के आखिरी ओवर में 15 रन चहिए थे। मार्कस स्टोइनिस ने ओवर की दूसरी गेंद पर छक्का लगाकर गेंद और रन का अंतर को कम किया लेकिन टीम इस ओवर में और बाउंड्री नहीं लगा सकी और लक्ष्य से दो रन दूर रह गई।

### आईपीएल का शेड्यूल आज जारी होगा

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 13वें सीजन का शेड्यूल रविवार को जारी किया जाएगा। आईपीएल के चेयरमैन बृजेश पटेल ने शनिवार को इस बात की जानकारी दी है। बता दें कि इससे पहले आईपीएल शेड्यूल को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे थे कि आखिर बीसीसीआई इसे जारी करने में इतना विलंब क्यों कर रहा है जबकि टूर्नामेंट की शुरुआत 19 सितंबर से होनी है। कुछ फ्रेंचाइजियों ने भी भारतीय बोर्ड से जल्दी से जल्दी शेड्यूल जारी करने की अपील की थी, ताकि सभी टीमें उसके हिसाब से प्लान कर सकें। बीसीसीआई ने हाल ही में अमीरात क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों से बात की और कार्यक्रम तथा यातायात को लेकर सभी मुद्दे सुलझा लिए गए हैं। खबरों की माने तो कार्यक्रम में देरी का एक कारण अबुधाबी में कोविड-19 के बढ़ते मामले हो सकते हैं, क्योंकि अबुधाबी में भी लीग के मैच खेले जाने हैं। इसके अलावा दुबई और शारजाह में भी मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट 19 सितंबर से शुरू होकर 53 दिनों तक चलेगा। आईपीएल फाइनल 10 नवंबर को होगा। इस बार आईपीएल के 10 डबल हेडर (एक दिन में दो मैच) मुकाबले खेले जाएंगे।

### 25 सदस्यीय क्रिकेट टीम चुन सकता है भारत

**नई दिल्ली।** साल के अंत में होने वाले आस्ट्रेलियाई दौरे के लिए जब तक विशाल भारतीय टीम की घोषणा नहीं हो जाती, कम से कम तब तक तीन निवर्तमान चयनकर्ताओं देवांग गांधी, जतिन परांजपे और शरणदीप सिंह के बने रहने की संभावना है ताकि निरंतरता सुनिश्चित रहे। गांधी, परांजपे और सिंह का चार साल का कार्यकाल (तीन प्लस एक) 30 सितंबर को खत्म हो रहा है लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अभी उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेने की संभावना नहीं है बल्कि वह मौजूदा समिति के साथ ही बना रहेगा।

### फराह ने एक घंटे की दौड़ में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, महिलाओं में सिफान का कमाल

**ब्रसेल्स।** चार बार के ओलंपिक चैंपियन ब्रिटेन के मो फराह और सिफान हसन ने ब्रसेल्स में वैन डैम मेमोरियल मीटिंग में एक घंटे की दौड़ में नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया। यानी दो घंटे में दो विश्व कीर्तिमान रचे गए। कोरोना वायरस महामारी के कारण दर्शकों के बिना आयोजित हो रही इस प्रतिस्पर्धा में नीदरलैंड की हसन ने महिलाओं की दौड़ में इथोपिया की डिरे टूने के 18.517 किलोमीटर के रिकॉर्ड में सुधार करते हुए एक घंटे में 18.930 किलोमीटर की दूरी तय की। डिरे ने 2008 में ओस्त्रावा गोल्डन स्पाइक मीटिंग में यह रिकॉर्ड बनाया था।


फराह ने 21.330 किमी की दूरी तय कर कीर्तिमान रचा



## जेपचिरचिर ने हाफ मैराथन में बनाया विश्व रिकार्ड

एजेंसी ▶▶| प्राग

कीनिया की पेरेस जेपचिरचिर ने महिलाओं की हाफ मैराथन रेस में एक घंटे पांच मिनट और 34 सेकेंड के समय से विश्व रिकार्ड बनाया। छब्बीस साल की जेपचिरचिर ने शनिवार की सुबह चेक गणराज्य की राजधानी के लेटना पार्क में 16.5 लैप के कोर्स पर यह रिकार्ड बनाया। पिछला रिकार्ड इथियोपिया की नेटसानेट गुडेटा के नाम था जो उन्होंने 2018 में स्पेन के वालेंसिया में हुई विश्व हाफ मैराथन चैम्पियनशिप में एक घंटे छह मिनट और 11 सेकेंड के समय से बनाया था। जेपचिरचिर ने कहा, 'मैं एक घंटे चार मिनट 50 सेकेंड का समय निकालना चाहती थी, लेकिन मैं खुश हूं।'





**एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड**
कार्पोरेट आइडेंटीफिकेशन नम्बर (सीआईएन) : L74899DL1993PLC055697
पंजी. कार्यालय : सं. 11, रानी झांसी रोड, (मोतिया खान), एम.एम. रोड, नई दिल्ली-110055
Email: info@ekamleasing.com, ekam.leasing1@gmail.com Ph No.: 011-23528015
Website: www.ekamleasing.com

**27वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर और दूरस्थ ई-वोटिंग जानकारी की सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि :

1. एकम लीजिंग एंड फाइनेंस कं. लिमिटेड ("दि कम्पनी") के सदस्यों की 27वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार केवल सामान्य और विशेष बिजनेस का सम्पादन करने के लिये विडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") सुविधा / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से मंगलवार, 29 सितम्बर 2020 को पूर्वा. 11:30 बजे (आईएसटी) आयोजित की जायेगी।
2. कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सरकुलर्स दिनांक 08 अप्रैल 2020, दिनांक 13 अप्रैल 2020 और दिनांक 05 मई 2020 (सामूहिक रूप से एमसीए सरकुलर्स के रूप में संदर्भित) और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी सरकुलर") द्वारा जारी सरकुलर दिनांक 12 मई 2020 के अनुसार कम्पनी 27वीं एजीएम की सूचना सहित वित्तीय वर्ष 2019 20 हेतु एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट का लिंक शुक्रवार 04 सितम्बर 2020 को केवल इलैक्ट्रोनिक मोड द्वारा उन सदस्यों को भेज चुकी है जिनके ई-मेल पते कम्पनी अथवा रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट / डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं। एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता एमसीए परिपत्रों और सेबी सरकुलर्स के तहत समाप्त कर दी गई है।
3. इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु कम्पनी की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट, इसके अलावा 27वीं एजीएम की सूचना और व्याख्यात्मक विवरण निहित कम्पनी की वेबसाईट पर www.ekamleasing.com पर और बोम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट जहां पर कम्पनी के शेयर सूचीकृत हैं अर्थात www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है। इसकी एक प्रति नैशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरीज लिमिटेड ("एनएसडीएल") की वेबसाइट पर www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।
4. समय-समय पर संशोधित अनुसार कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों 2014 के नियन 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108, सामान्य बैठक पर भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवालीय मानक-2, सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 44 के अनुपालन में, एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सामान्य बिजनेस और विशेष बिजनेस के सम्बन्ध में अपना वोट देने के लिये नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड (एनएसडीएल) की वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एजीएम से पूर्व और दौरान इसके सदस्यों को "दूरस्थ ई-वोटिंग" और "ई-वोटिंग" की सुविधा प्रदान कर रही है। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :-
   i. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भाग लेने हेतु निर्देश और एजीएम से पूर्व अथवा दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग समेत जिस तरीके में भौतिक रूप में अपना शेयरधारण करने वाले सदस्य अथवा अपना ई मेल पता पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, ई वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान कर सकते हैं, की प्रक्रिया 27वीं एजीएम की सूचना के भाग के रूप में उपलब्ध करवाई गई है।
   ii. दूरस्थ ई-वोटिंग शनिवार 26 सितम्बर 2020 को पूर्वा. 9.00 बजे आईएसटी प्रारम्भ होगी।
   iii. दूरस्थ ई-वोटिंग सोमवार 28 सितम्बर 2020 को अप. 5.00 बजे आईएसटी समाप्त होगी।
   iv. एजीएम में अथवा इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान करने के लिये पात्रता सुनिश्चित करने हेतु कट ऑफ तिथि 22 सितम्बर 2020 है।
   v. कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट ऑफ तिथि अर्थात 22 सितम्बर 2020 के अनुसार शेयरधारण करता है, evoting@nsdl.co.in पर एक आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति ई-वोटिंग हेतु एनएसडीएल के पास पहले से ही पंजीकृत है तो मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग मतदान करने के लिये किया जा सकता है।
   कोई व्यक्ति जो कट ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, वह एजीएम की सूचना केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु माने।
   iv. सदस्य ध्यान दें कि : ए) दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त तिथि व समय के पश्चात् एनएसडीएल द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा और एक बार प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा मतदान कर दिया गया तो तदोपरांत इसे परिवर्तित करने की अनुमति सदस्यों को नहीं दी जाएगी ; बी) ई-वोटिंग प्रणाली की सुविधा एजीएम के दौरान भी उपलब्ध करवाई जाएगी; सी) जो सदस्य एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, एजीएम में भी उपस्थित रह सकते हैं परन्तु उन्हें अपना मत दोबारा देने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा और डी) कोई व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में अथवा कटऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, को हो केवल मतदान हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा एजीएम से पूर्व / दौरान उपलब्ध करवाये जाने का अधिकार होगा।
   vii. सदस्य जो अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, उनसे इलैक्ट्रोनिक रूप में धारित शेयरों के सम्बन्ध में इसे उनके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस) के माध्यम से डिपॉजिटरी के पास और भौतिक रूप में धारित शेयरों के सम्बन्ध में कम्पनी के आरटीए अर्थात मै. अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, झंडेवालान, नई दिल्ली-110055 को rta@alankit.com पर लिखकर पंजीकृत करवाने का आग्रह किया जाता है।
   viii. किसी पूछताछ के मामले में शेयरधारकों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्नों ("एफएक्यूएस") और https://www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in पर ई मेल द्वारा एनएसडीएल से सम्पर्क कर सकते हैं। इलैक्ट्रोनिक वोटिंग के सम्बन्ध में किसी स्पष्टीकरण(ों) / शिकायत(ों) के मामले में आप सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक, एनएसडीएल के पास उनके नामित ई-मेल आईडी : evoting@nsdl.co.in अथवा pallavid@nsdl.co.in पर अथवा निम्नलिखित टेलीफोन नं. : 022-24994545 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
   बैठक में भाग लेने और पहुंचने के लिये एजीएम से पूर्व / दौरान किसी तकनीकी सहायता की आवश्यकता करने वाले सदस्य, सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक, एनएसडीएल pallavid@nsdl.co.in पर अथवा निम्नलिखित टेलीफोन नं. : 022-24994545 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
5. इसके अतिरिक्त, कम्पनी के निदेशक मंडल ने दूरस्थ ई-वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा के साथ-साथ निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग में एजीएम के दौरान वोटिंग हेतु मै. केकेएस एंड एसोसिएट्स, कम्पनी सचिव के प्रोपराइटर श्री कृष्ण कुमार सिंह को नियुक्त किया है। दूरस्थ ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान वोटिंग का परिणाम एजीएम के समापन से 48 घंटे तक घोषित कर दिया जाएगा। संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित घोषित परिणाम कम्पनी की वेबसाइट www.ekamleasing.com पर और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज जहां कम्पनी के शेयर सूचीकृत हैं अर्थात www.bseindia.com पर भी डाले जाएंगे।
6. अधिनियम की धारा 91 और सेबी नियमनों के नियमन 42 के तहत कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स, 27वीं एजीएम के प्रयोजन हेतु बुधवार, 23 सितम्बर 2020 से मंगलवार, 29 सितम्बर 2020 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

बोर्ड के आदेशानुसार
एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड
हस्ता/-
(राकेश जैन)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00061737

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04.09.2020



**सिटीऑन सिस्टम्स (इंडिया) लि.**
पंजी. कार्यालय : 215, दिल्ली चेम्बर्स, दिल्ली गेट, दिल्ली-110002
CIN: L72900DL2004PLC126096
Phone No.: +91-11-41563395 Tel Fax: +91-11-43667149,
E-mail: info@cityonsystems.in, cityonsystems1@rediffmail.com,
Website: www.cityonsystems.in

**वार्षिक सामान्य बैठक और बुक क्लोजर की सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि :

1. एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि भारतीय प्रतिभूतियां विनिमय बोर्ड ("सेबी सरकुलर") द्वारा जारी परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMDI/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई 2020 और कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा जारी ("एमसीए परिपत्रों") परिपत्र सं. 14/2020, 17/2020 और 20/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल 2020 और 05 मई 2020 क्रमशः के साथ पठित सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 और कम्पनी अधिनियम 2013 तथा उनके तहत बनाये गये नियमों के लागू प्रावधानों के अनुपालन में कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) बुधवार, 30 सितम्बर 2020 को अप. 3.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से, किसी कॉमन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना आयोजित की जाएगी।
2. एमसीए परिपत्रों और सेबी सरकुलर के सम्बन्ध में, एजीएम की सूचना और वर्ष 2020 हेतु वार्षिक रिपोर्ट समेत 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय विवरण ("वार्षिक रिपोर्ट") उन सभी सदस्यों को ई-मेल द्वारा 04 सितम्बर 2020 को भेज दी गई है जिनके ई-मेल पते कम्पनी / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस) के पास पंजीकृत हैं। एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति सदस्यों को भेजने की आवश्यकता एमसीए परिपत्रों और सेबी सरकुलर्स के तहत समाप्त कर दी गई है। एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट पर www.cityonsystems.in और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com/ www.bsesme.com पर भी उपलब्ध है।
3. सदस्य अपना ई-मेल पता डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास अद्यतन कर सकते हैं।
4. कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स वार्षिक क्लोजिंग हेतु बुधवार 23 सितम्बर 2020 से बुधवार 30 सितम्बर 2020 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

कृते सिटीऑन सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता/-
(मुकेश कुमार)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 06573251

दिनांक : 04.09.2020
स्थान : दिल्ली



**सिद्ध मैनेजमैंट कॉर्पोरेट सर्विसेस लिमिटेड**
CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजीकृत कार्यालय: ई-253, सरस्वतीकुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली-110092
ईमेल: info@sidhmanagement.in वेबसाइट: www.sidhmanagement.in

**36वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, ई-वोटिंग और बुक क्लोजर**

1. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय के निष्पादन के लिए कंपनी की छत्तीसवीं (36वीं) वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 28 सितम्बर, 2020 (सोमवार) प्रातः 11:00 बजे आईएसटी में केवल विडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विडियो माध्यमों ("ओएवीएम) द्वारा आयोजित की जाएगी। कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किये गये सामान्य परिपत्र दिनांक 5 मई, 2020 के साथ पठित सामान्य परिपत्र दिनांक 8 अप्रैल, 2020 और 13 अप्रैल, 2020 (संयुक्त रूप से "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित) और सेबी परिपत्र दिनांक 12 मई, 2020 के अनुपालन में कंपनी ने वित्त वर्ष 2019-2020 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ 36वीं एजीएम की सूचना 02.09.2020 को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेज दी है जिनके ई-मेल पते कंपनी या रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट और डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं। एजीएम की सूचना की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्र के माध्यम से हटा दी गई है।
2. कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट 2019-2020 जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ सूचना 36वीं एजीएम की सूचना और व्याख्यात्मक विवरण शामिल है, कंपनी की वेबसाइट www.sidhmanagement.in और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.msei.in पर भी उपलब्ध है। इसकी प्रति सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट https://www.evotingindia.com/ पर भी उपलब्ध है।
3. कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014, समय-समय पर यथासंशोधित और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुपालन में कंपनी एजीएम में निष्पादित किये जाने वाले व्यवसाय के निष्पादन के संबंध में अपने सदस्यों को एजीएम से पूर्व के साथ ही एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करा रही है और इस प्रयोजन के लिए कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया के माध्यम से वोटिंग को सुगम बनाने के लिए सीडीएसएल को नियुक्त किया है।
   रिमोट ई-वोटिंग के लिए विस्तृत दिशानिर्देश एजीएम की सूचना में दिये गये हैं। सदस्यों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित को नोट करें:
   ए. रमोट ई-वोटिंग सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी:

| | |
|---|---|
| रिमोट ई-वोटिंग प्रारंभ | बृहस्पतिवार, 24 सितम्बर, 2020 (प्रातः 9.00 बजे) से |
| रिमोट ई-वोटिंग समाप्ति | रविवार, 27 सितम्बर, 2020 (सायं 5.00 बजे) तक |

   उसके बाद वोटिंग के लिए सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल हटा लिया जाएगा और सदस्यों को कथित तिथि एवं समय के बाद इलेक्ट्रॉनिकली वोट देने की अनुमति नहीं होगी;
   बी. सदस्यों का वोटिंग अधिकार **सोमवार, 21.09.2020** ('कट-ऑफ तिथि') को कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी के उनके शेयर के आनुपातिक होगा। रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा बैठक के दौरान भी उपलब्ध कराई जाएगी और बैठक में उपस्थित सदस्यगण जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं दिया है, केवल वही बैठक के दौरान वोट देने में सक्षम होंगे अन्यथा दोनों माध्यमों से वोट देने पर इस प्रयोजन के लिए केवल ई-वोटिंग की गणना की जाएगी;
   सी. ऐसा व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है केवल वहीं रिमोट ई-वोटिंग/एजीएम के दौरान वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा;
   डी. ऐसा व्यक्ति जो कंपनी के शेयर अधिगृहित करता है और सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है तथा कट-ऑफ तिथि को शेयर धारण करता है, वह helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर रिमोट ई-वोटिंग के लिए लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है या सीडीएसएल द्वारा उपलब्ध कराए गए टोल फ्री नं. 1800225533 पर कॉल कर सकता है। ई-वोटिंग के संबंध में किसी भी पूछताछ या परेशानी के लिए आप www.evotingindia.com के हेल्प सैक्शन पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") और ई-वोटिंग मैनुअल का अवलोकन कर सकते हैं। ऐसे व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं हैं, वह एजीएम की सूचना को केवल सूचना का प्रयोजन मानें;
   ई. यदि आपका ई-मेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी के पास पहले से ही पंजीकृत है तो वित्त वर्ष 2019-2020 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचनाा तथा ई-वोटिंग के लिए लॉगइन विवरण आपके पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजे जाएंगे। यदि आपकी ई-मेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत नहीं है तो कृपया वित्त वर्ष 2019-2020 के लिए वार्षिक रिपोर्ट और ई-वोटिंग के लिए लॉगइन विवरण प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित निर्देशों का पालन करके अपना ई-मेल आईडी पंजीकृत कराएं:

| | |
|---|---|
| भौतिक धारिता | अपना ई-मेल पता पंजीकृत कराने के लिए फोलियो नम्बर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (आगे एवं पीछे) की स्कैन प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति) उपलब्ध कराते हुए कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, एड्राइट कॉरपोरेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के ई-मेल info@adroitcorporate.com पर अनुरोध भेजें। **कृपया इसे सोमवार, 21 सितम्बर, 2020 तक या उससे पूर्व अपडेट कराएं।** |
| डिमेट धारिता | डीपी द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार अपना ई-मेल पता पंजीकृत कराने के लिए अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) से सम्पर्क करें। **कृपया इसे सोमवार, 21 सितम्बर, 2020 तक या उससे पूर्व अपडेट कराएं।** |

4. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 91 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसरण में 36वीं एजीएम के प्रयोजन के लिए सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक मंगलवार, 22 सितम्बर, 2020 से सोमवार, 28 सितम्बर 2020 तक (दोनों दिवस शामिल) बंद रहेंगे।

कृते सिद्ध मैनेजमैंट कॉर्पोरेट सर्विसेस लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
(पूर्ण-कालिक निदेशक)
DIN: 07526355

तिथि: 04.09.2020
स्थान: दिल्ली